तापमान

अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 29.0 डिग्री

हरिभूमि
रायगढ़-जशपुर भूमि

बिलासपुर, मंगलवार 27 अक्टूबर 2026

4

[खरसिया| सारंगढ़| घरघोड़ा| धरमजयगढ़| पुसौर| बरमकेला| लैलूंगा| तमनार]

राधा कृष्ण रासलीला से भक्तिमय हुआ वातावरण





खबर संक्षेप

शादी का वादा कर नाबालिग का शोषण, गिरफ्तार

रायगढ़। नाबालिग बालिका के शारीरिक शोषण के मामले में लैलूंगा पुलिस ने आरोपी संजय यादव को गिरफ्तार किया है। आरोपी पर शादी का झांसा देकर नाबालिग को अपने साथ रखने और करीब 6 महीने तक उसका शारीरिक शोषण करने का आरोप है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार मामले की रिपोर्ट पीड़िता की मां ने दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया गया कि फरवरी 2025 में उनकी करीब 17 वर्षीय बेटी गांव के जंगल में बैल चराने गई थी। दोपहर में घर लौटने के बाद वह रोने लगी। परिजनों के पूछने पर उसने पास के गांव के युवक द्वारा जबरन शारीरिक संबंध बनाए जाने की जानकारी दी। आरोपी ने नाबालिग को शादी कर पत्नी बनाकर रखने का भरोसा दिया था। आरोप है कि उसकी उम्र कम होने की जानकारी के बावजूद युवक उसे अपने साथ ले गया और करीब छह महीने तक अपने पास रखकर शारीरिक शोषण करता रहा। परिजनों की समझाइश के बाद भी आरोपी नहीं मानने की बात सामने आई है।

हर माह 35 बच्चे थेरेपी के लिए पहुंच रहे जतन केन्द्र, मोबाइल ऑर्टिज्म के आंकड़ों ने बढ़ाई

रील्स की दुनिया में खोता जा रहा बचपन! मोबाइल की लत से बच्चों में बढ़ रही खामोशी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिस उम्र में बच्चों की किलकारियां और ककहरा के स्वर गूंजना चाहिए, उस बढ़ती उम्र में बच्चे मोबाइल की रील्स की दुनिया में गुम होते जा रहे हैं। मोबाइल स्क्रीन व रील्स के अत्यधिक इस्तेमाल का असर अब इन बच्चों के व्यवहार और शारीरिक व मानसिक विकास पर भी पड़ता नजर आ रहा है। दरअसल, इस आदत की वजह से हर महीने 35 से अधिक बच्चे अपना इलाज कराने के लिए जतन केन्द्र पहुंच रहे हैं। यानी साल भर में 350 से 400 बच्चों को थेरेपी की जरूरत पड़ रही है। वहीं विशेषज्ञ चिकित्सक व विशेष शिक्षक पालकों को बच्चों के साथ अधिक समय बिताने और स्क्रीन टाइम सीमित रखने की सलाह दे रहे हैं।

अलग खबर

जतन केन्द्र में कार्यरत विशेष शिक्षक महेश्वरी गुप्ता ने हरिभूमि से चर्चा के दौरान बताया कि बच्चों की इस आदत को मोबाइल ऑर्टिज्म या वर्चुअल ऑर्टिज्म कहते हैं। जिसमें बच्चे वास्तविक दुनिया के लोगों और माहौल से बातचीत करने के बजाए घंटों स्क्रीन के सामने बिताते हैं, तो उनके मानसिक व सामाजिक विकास में रूकावट आ रही है। जिस मोबाइल को हम वरदान समझते हैं, वह आज बच्चों के लिए किसी अभिशाप से कम नहीं है। दरअसल,



मोबाइल की ब्लू लाइट छीन रही नींद

पहले बच्चे मैदान में या घर में खेलते थे, तब उनका शरीर थक जाता था, जिससे उन्हें नींद आती थी और वह गहरी नींद में सोते थे। मगर मोबाइल स्क्रीन से निकलने वाली ब्लू लाइट बच्चों के शरीर में मेलाटोनिन नामक हार्मोन को बनने से रोकती है, जिससे बच्चों की नींद का चक्र पूरी तरह से बिगड़ रहा है।

माता-पिता की एक गलती पड़ रही भारी

अक्सर माता-पिता अपना काम निपटाने या बच्चे को चुप कराने के लिए उसके हाथ में मोबाइल थमा देते हैं। खाना खिलाते समय मोबाइल दिखाना अब एक सामान्य चलन बन गया है। विशेषज्ञ इसे सबसे घातक मानते हैं। यही 'शॉर्टकट' आगे चलकर बच्चे के व्यवहार में बदलाव और गंभीर लत का कारण बन रहा है। जिस उम्र में बच्चे बोलना सीखते हैं उस दौरान माता पिता उन्हें चुप कराने के लिए मोबाइल थमा देते है। जिससे उन्हें इसकी आदत हो जाती है और धीरे धीरे यह आदत उनमें कई तरह की विकृतियाँ पैदा कर देती हैं। ऐसे कई बच्चे जतन केंद्र आते हैं, जो मोबाइल देखने के इस कदर आदी हो चुके हैं , कि यदि उनके पास एक मिनट के लिए भी मोबाइल ना हो तो उसे काफी उतेजित हो जाते हैं और अपने आप को नुकसान पहुंचा लेते हैं।

कोरोना के बाद से बढ़ी समस्या

चिकित्सकों की मानें तो कोरोना काल से बाद से बच्चों में वर्चुअल ऑर्टिज्म की समस्या ज्यादातर सामने आ रही है। दरसअल, जब बच्चा बार-बार रील देखता तो उसके मस्तिष्क में डोपामाइन नाम के हार्मोन का भारी स्त्राव होता है। यह हार्मोन उसे तत्काल खुशी का एहसास कराता है। यह क्षणिक खुश पढ़ाई या खेलकूद से मिलने वाली खुशी से कहीं ज्यादा तीव्र व कृत्रिम होता है। यही वजह है कि बच्चे दोस्तों के साथ मैदान में खेलने के बजाए मोबाइल की वर्चुअल दुनिया में सिमट गए हैं।

इस तरह के दिखाए देते हैं लक्षण

- देर से बोलना या भाषा का विकास धीमा होना।
- आंख मिलाकर बात न करना।
- पुकारने पर प्रतिक्रिया न देना या अनसुना करना।
- सामाजिक बातचीत या घुलने-मिलने में कतराना।
- एक ही तरह की गतिविधि बार-बार करना।
- ध्यान लगाने की क्षमता कम होना।

जिले में हर साल 350 से 400 बच्चों में मोबाइल आर्टिज्म के लक्षण सामने आए हैं।

यानी हर महिने करीब 35 से 37 बच्चों को इस समस्या से बाहर निकालने के लिए थेरेपी कराने के लिए अभिभावक जतन केन्द्र पहुंच रहे हैं। विशेषज्ञ चिकित्सकों की मानें तो मानें तो 3 से 5 साल के उम्र के बच्चों में यह लक्षण अधिक सामने आ रहे हैं। यह कहें तो गलत नहीं होगा कि सोशल मीडिया की लत बच्चों के मानसिक विकास को दीमक की तरह चाट रही है। इसके ताजा आंकड़े बेहद चिंताजनक हैं। विशेषज्ञ चिकित्सकों की मानें तो हर 10 बच्चों में से 6 बच्चों में इस तरह के लक्षण दिखाई दे रहे हैं।

अभयारण्य से भटककर किसान की बाड़ी में पहुंचे तेंदुए के शावक वन विभाग को सौंपा



कटेली। गोमर्डा अभ्यारण्य के जंगल से भटककर एक मादा तेंदुआ अपने दो शावकों के साथ सरायपाली वन परिक्षेत्र के कंवरपाली गांव में एक किसान की बाड़ी में पहुंच गई। शावकों को देखकर वन्यजीव प्रेमी किसान डोलचंद पटेल ने संवेदनशीलता का परिचय दिया और तेंदुए के एक शावक को सुरक्षित वन विभाग के सुपुर्द किया। वहीं दूसरे शावक के होने की आशंका व्यक्त की जा रही है। इस घटना से क्षेत्र में वन्यजीवों की आवाजाही को लेकर ग्रामीणों में उत्सुकता देखी जा रही है। किसान की सतर्कता और वन्यजीवों के प्रति प्रेम सराहनीय है। वन्यजीवों की सुरक्षा सभी की जिम्मेदारी है। ऐसे में वन्यजीव दिखाई देने पर उनसे दूरी बनाए रखना तथा तत्काल वन विभाग को सूचना देनी चाहिए, ताकि मानव और वन्यजीव दोनों सुरक्षित रह सकें। वन्य जीव प्राणी को अभ्यारण में सुरक्षित छोड़ दीया है।

ओडिशा से मंगाया 3 किलो गांजा, 14 हजार 850 का ऑनलाइन ट्रांजेक्शन, सप्लायर व खरीददार गिरफ्तार

रायगढ़। पुलिस ने ओड़िशा से मोटरसाइकिल के जरिए गांजा लेकर आ रहे एक आरोपी को गिरफ्तार किया। मामले की जांच में गांजा मंगाने वाले खरीदार का भी खुलासा हुआ, जिसके बाद पुलिस ने उसे भी गिरफ्तार कर लिया। दोनों आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 2.893 किलोग्राम गांजा, तस्करी में इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल और दो मोबाइल फोन जब्त किए हैं। जब्त संपत्ति की कुल कीमत करीब 2 लाख 40 हजार बताई गई है। इस संबंध मे मिली जानकारी के अनुसार पुसौर पुलिस ने को एक व्यक्ति काले रंग के बैग में गांजा लेकर मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 11 बीआर 3641 से ओड़िशा की ओर से चंद्रपुर होते हुए रायगढ़ आने की जानकारी मिली थी।

कार से अफीम की तस्करी, ढिमरापुर चौक के पास पकड़ा गया युवक

रायगढ़। कोतवाली पुलिस ने ढिमरापुर चौक के पास अफीम बेचने के लिए ग्राहक तलाश रहे एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 47 ग्राम अफीम और एक सिल्वर रंग की ब्रेजा कार जब्त की है। जब्त सामग्री की कीमत करीब 8 लाख 10 हजार बताई गई है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली पुलिस को जानकारी मिली कि ढिमरापुर चौक के पास एक युवक सिल्वर रंग की ब्रेजा कार क्रमांक सीजी 13 एक्यू 4225 में अफीम बिक्री के लिए ग्राहक तलाश रहा है। पुलिस टीम को मौके पर रवाना किया गया। टीम



ने बताए गए स्थान पर पहुंचकर घेराबंदी की और संदिग्ध कार के पास मौजूद युवक को पकड़ लिया। पकड़े गए युवक की पहचान अमरजीत सिंह पिता रघुवीर सिंह 20 निवासी रामभांठा जगतपुर के रूप में हुई। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के प्रावधानों के अनुसार तलाशी की कार्रवाई की। इस दौरान कार की ड्राइवर सीट के नीचे काले रंग की प्लास्टिक पन्नी में छिपाकर रखी गई 47 ग्राम अफीम बरामद हुई। जब्त अफीम की कीमत करीब 10 हजार आंकी गई है। पूछताछ के दौरान आरोपी मादक पदार्थ रखने के संबंध में कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया।



खबर संक्षेप

राजा पुष्पा देवी के तिलक में शामिल हुए बच्चे



कटेली। दशहरा के पावन पर्व के अवसर पर गढ़ उत्सव के के बाद राजपरिवार की परंपरा अनुसार राजा पुष्पा देवी सिंह का तिलक समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर श्री शांति सीता सेवा समिति के बच्चे विशेष रूप से आमंत्रित थे । समिति के बच्चों ने राजा पुष्पा देवी का बुके, चुनरी व फल की टोकरी भेंट कर सम्मानपूर्वक स्वागत किया। इस समारोह के दौरान बच्चों की मुलाकात परिवेश मिश्रा एवं मेनका देवी सिंह से भी हुई। मेनका देवी ने सभी बच्चों को विजय तिलक लगा विजया दशमी का आशीर्वाद प्रदान की और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर राजपरिवार की परंपरा व संस्कृति से बच्चों को रूबरू होने का अवसर मिला।

सारंगढ़ बिलासपुर रोड की मांग एनएसयूआई ने सौंपा ज्ञापन



कटेली। सारंगढ़ से बिलासपुर जाने वाली सड़क वर्तमान में जर्जर स्थिति में है। सड़क पर जगह-जगह गड्ढे होने के कारण आम नागरिकों, विद्यार्थियों, मरीजों, व्यापारियों एवं वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही नगर की रोड की स्थिति भी काफ़ी दयनीय है। जिसके ध्यानाकर्षण के लिए एनएसयूआई ने जिला कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा। आगाह किया 15 दिवस के भीतर रोड गुणवत्ता पूर्वक नहीं बनी तो एनएसयूआई उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगा। उक्त ज्ञापन कार्यक्रम मे युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष शुभम बाजपेयी नितिन पाणिग्राही एनएसयूआई विधानसभा अध्यक्ष अंकित पटेल विकास मालाकार उपाध्यक्ष जिला एनएसयूआई ऋतिक भारद्वाज राहुल मैत्री आयुष श्रीवास रूपेंद्र दास मनीष महाजन प्रिंस यादव सहित एनएसयूआई कार्यकर्त्ता की उपस्थिति रही।

दूसरे किसानों को प्रेरित कर रही संजीता

जशपुरनगर। जिले के ग्राम सोगड़ा निवासी प्रगतिशील किसान संजीता एक्का पारंपरिक धान की खेती के साथ मत्स्य पालन, बत्तख पालन और सुकर पालन को अपनाकर आत्मनिर्भरता की नई मिसाल पेश कर रही हैं। संजीता एक्का अपने पति ईश्वर राम एक्का के साथ मिलकर खेती-किसानी और विभिन्न आजीविका गतिविधियों का संचालन कर रही हैं। पहले उनका परिवार मुख्य रूप से खरीफ सीजन में धान की खेती पर निर्भर था, लेकिन सीमित आमदनी के कारण उन्होंने खेती के अन्य विकल्पों को अपनाने का निर्णय लिया। इसके बाद उन्होंने मत्स्य पालन शुरू किया और धीरे-धीरे बत्तख पालन तथा सुकर पालन को भी अपनी आजीविका से जोड़ा। संजीता बताती हैं कि पहले वे अपने पति के साथ केवल धान की खेती करती थीं, लेकिन इससे अपेक्षाकृत कम लाभ मिलता था। इसके बाद उन्होंने मत्स्य पालन शुरू किया, जिससे उन्हें धान की खेती की तुलना में बेहतर लाभ मिलने लगा।

युवा रत्न सम्मान योजना अंतर्गत आवेदन 30 तक

जशपुरनगर। संचालनालय खेल एवं युवा कल्याण, रायपुर द्वारा संचालित युवा रत्न सम्मान योजना अंतर्गत वर्ष 2026-27 के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। योजना का उद्देश्य विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्य करने वाले युवाओं को प्रोत्साहित करना है। जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी ने बताया कि योजना अंतर्गत दो श्रेणियों में सम्मान प्रदान किया जाएगा। प्रथम श्रेणी छत्तीसगढ़ युवा रत्न सम्मान (असाधारण एवं विशिष्ट सेवा कार्य) के तहत 1 युवा को 2 लाख 50 हजार रूपये एवं 1 संगठन को 5 लाख रूपये की सम्मान राशि प्रदान की जाएगी।

बंटवारे को लेकर अक्सर होता था विवाद, आरोपी गिरफ्तार

जमीन विवाद में भतीजे की कुल्हाड़ी से काटकर हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले के तपकरा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम जामबहार में जमीन बंटवारे के विवाद ने एक खूनी रूप ले लिया। यहां एक फूफा ने अपने ही भतीजे की कुल्हाड़ी से ताबड़तोड़ वार कर निर्मम हत्या कर दी। घटना की सूचना मिलते ही हरकत में आई तपकरा पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी फूफा को गिरफ्तार कर लिया है और हत्या में प्रयुक्त कुल्हाड़ी भी बरामद कर ली है। आरोपी को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

पुलिस के अनुसार, आरोपी मनबोध मांझी (60 वर्ष) पिछले लगभग 20 वर्षों से अपने ससुराल ग्राम जामबहार (चिटकाटोली) में घर-जमाई के रूप में रह रहा था। मृतक संतोष प्रधान (30 वर्ष)



आरोपी की पत्नी के भाई का बेटा (भतीजा) था। दोनों पक्षों के बीच पिछले कुछ समय से जमीन के बंटवारे को लेकर अक्सर विवाद होता रहता था। प्रार्थिया एवं मृतक की पत्नी सुमित्रा प्रधान ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 24 अक्टूबर 2026 की शाम उसका पति संतोष प्रधान बाजार से घर लौटा था। रात करीब 8 बजे वह यह कहकर घर से निकला कि वह अपने फूफा मनबोध के घर जाकर जमीन के मामले में बात करेगा।

कुछ ही देर बाद जब मनबोध के घर की ओर से झगड़े और चीखने-चिल्लाने की आवाज आई, तो पत्नी दौड़कर मौके पर पहुंची। वहां उसने देखा कि उसके पति संतोष का खून से लथपथ शव आंगन में पड़ा था। उसके सिर और गर्दन पर कुल्हाड़ी से गंभीर वार किए गए थे, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो चुकी थी। आरोपी मनबोध राम वहीं पास में कुल्हाड़ी लेकर बैठा हुआ था।

पुलिस ने की त्वरित कार्रवाई

घटना की सूचना मिलते ही थाना तपकरा में मृतका की पत्नी की रिपोर्ट पर धारा 103(1) बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया। पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंचकर मुआयना किया, शव का पोस्टमार्टम कराया और आरोपी मनबोध राम (पिता- रोपना मांझी, मूल निवासी- डूमरटोली, गोविन्दपुर, थाना जारी, जिला गुमला, झारखंड, वर्तमान निवासी- जामबहार) को हिरासत में ले लिया। कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। उसने पुलिस को बताया कि घटना की रात संतोष उसके घर आया था और जमीन को लेकर गाली-गलौज करते हुए विवाद करने लगा। गुस्से में आकर आरोपी ने घर में रखी कुल्हाड़ी से संतोष के सिर और गर्दन पर वार कर दिया, जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त कुल्हाड़ी को भी जब्त कर लिया है।

शिक्षा की गुणवत्ता में लाएं ठोस सुधारः डीईओ



हरिभूमि न्यूज ⏭ बरमकेला

कलेक्टर पद्मिनी भोई साहू के निर्देश पर जनपद पंचायत बरमकेला के सभा कक्ष में शिक्षा विभाग की योजनाओं लाभ प्रत्येक पात्र बच्चों तक पहुंचाने तथा विद्यालयों में गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला शिक्षा अधिकारी एल एन पटेल ने विकासखंड के संकुल समन्वयकों और प्राचार्यों की बैठक लेकर विभागीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर दिया। उन्होंने निर्देशित किया कि शासन की मंशानूरूप सभी योजनाओं का शत प्रतिशत क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए।साथ ही विद्यालयों में शैक्षिक गतिविधियों को गति देने,विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति बढ़ाने और शिक्षण व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाने समन्वित प्रयास किए जाएं।

श्री पटेल ने कहा कि विद्यालय केवल पाठ्यक्रम पूरा करने तक सीमित न रहे,बल्कि बच्चों के ज्ञान कौशल,प्रतिभा और व्यक्तित्व विकास पर गंभीरता से कार्य करें। इसके लिए प्राचार्य अपने अधीनस्थ विद्यालयों का नियमित निरीक्षण करें तथा शैक्षणिक और प्रशासनिक व्यवस्थाओं की नियमित मॉनिटरिंग करें। उन्होंने कहा कि विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो और निर्धारित लक्ष्यों की समयसीमा में पूर्ति सुनिश्चित करें। जिला शिक्षा अधिकारी एल एन पटेल ने कहा कि विद्यार्थी विद्यालय में नियमित रूप से उपस्थित हो , विभाग के सभी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ समयानुसार मिले ये बात सुनिश्चित करें। जिला शिक्षा अधिकारी एल एन पटेल ने प्राचार्यों और संकुल संकुल समन्वयकों को निर्देशित किया कि शिक्षा गुणवत्ता में ठोस सुधार लाए किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बच्चों का समग्र विकास हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि बच्चों की जाति, आय, छात्रवृत्ति, सभी कार्य ऑनलाइन कार्यों को समय सीमा में पूरा करें। आज के कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी एल एन पटेल प्रभारी जिला समग्र शिक्षा नरेश चौहान,विकासखंड शिक्षा अधिकारी मुकेश कुर्रे,सहायक विकास खंड शिक्षा अधिकारी बसंत नायक,बीआरसी राज कमल नायक, सभी प्राचार्यों और संकुल समन्वयकों उपस्थित रहे।

भक्तिमय माहौल में मनाया गया 30वां सोगड़ा महोत्सव



जशपुरनगर। श्री सर्वेश्वरी समूह द्वारा संचालित ब्रह्मनिष्ठालय सोगड़ा आश्रम में महा विभूति स्थल का 30वां स्थापना दिवस 'सोगड़ा महोत्सव' के रूप में बड़े ही हर्षोल्लास और भक्तिमय माहौल में मनाया जा रहा है। इस पावन अवसर पर जिले सहित देशभर से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। समारोह का शुभारंभ सोमवार सुबह सर्वेश्वरी समूह एवं बाबा भगवान राम ट्रस्ट के अध्यक्ष बाबा गुरुपद संभव राम द्वारा विशेष पूजा-अर्चना, अघोरेश्वर भगवान राम की चरण पादुका, शिवलिंग के पूजन और महाआरती के साथ हुआ। पूजा के उपरांत परंपरा अनुसार श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक महा विभूति स्थल की परिक्रमा कर अपनी आस्था प्रकट की। स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में दो दिवसीय विशाल चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया है।

झारखंड में सम्मानित जशपुर की बेटी आशिका

जशपुरनगर। जिले की जिला पंचायत सदस्य एवं आदिवासी नेत्री आशिका कुजूर को झारखंड की राजधानी रांची में आयोजित सम्मान समारोह में सम्मानित किया गया। झारखंड प्रदेश राजीव गांधी विचार समिति के तत्वावधान में शनिवार को पुराना विधानसभा सभागार में 'राजीव गांधी एवं 21वीं सदी' विषय पर सेमिनार एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें आशिका कुजूर को सार्वजनिक जीवन एवं सामाजिक-राजनीतिक क्षेत्र में उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

आशिका कुजूर जशपुर जिले के आदिवासी अंचल से आती हैं और जिला पंचायत सदस्य के रूप में ग्रामीण विकास, जनसमस्याओं तथा आदिवासी समाज के



अधिकारों से जुड़े मुद्दों पर सक्रिय हैं। वे राष्ट्रीय स्तर पर भी आदिवासी समाज और युवाओं से जुड़े विषयों पर संगठनात्मक भूमिका निभा रही हैं। सेमिनार में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश तथा अति विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता झारखंड प्रदेश राजीव गांधी विचार समिति के अध्यक्ष हृदयानंद मिश्र एडवोकेट ने की। स्वागताध्यक्ष रामदेव प्रसाद यादव एडवोकेट थे। इस अवसर पर जशपुर की आशिका कुजूर को मिला सम्मान छत्तीसगढ़ के लिए गौरव का विषय रहा।

वोट बचाओ देश बचाओ अभियान के प्रदेश पर्यवेक्षक नाना पटोले पहुंचे रायगढ़

रायगढ़। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा संचालित वोट बचाओ देश बचाओ अभियान के अंतर्गत छत्तीसगढ़ प्रदेश के लिए नियुक्त पर्यवेक्षक एवं महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष, विधायक नाना पटोले का 26 अक्टूबर को रायगढ़ आगमन हुआ। रेलवे स्टेशन पहुंचने पर जिला कांग्रेस के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने फूल.मालाओं से उनका भव्य स्वागत किया। इसके पश्चात वे सर्किट हाउस के लिए रवाना हुए। उनके प्रवास के दौरान जिला कांग्रेस कमेटी शहर एवं ग्रामीण के पदाधिकारियों की उपस्थिति में सुबह 11 बजे प्रेसवार्ता आयोजित की गई। इसके बाद दोपहर 12 बजे जिला कांग्रेस भवन में जिला कांग्रेस कमेटी शहर, ब्लॉक कांग्रेस कमेटियों, बूथ कमेटियों एवं बूथ लेवल एजेंटों की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई।

बैठक में मतदाता सूची की विश्वसनीयता, पात्र मतदाताओं के मताधिकार की सुरक्षा, बूथ स्तर पर संगठन की सक्रियता तथा लोकतांत्रिक संस्थाओं की



जवाबदेही जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था और संविधान की रक्षा के लिए प्रत्येक कार्यकर्ता को अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी और अभियान को जन.जन तक पहुंचाना होगा। बैठक को संबोधित करते हुए नाना पटोले ने कहा कि लोकतंत्र की असली ताकत जनता का मताधिकार है। यदि मतदाता का वोट सुरक्षित नहीं रहेगा और चुनावी प्रक्रिया की निष्पक्षता पर सवाल खड़े होंगे, तो लोकतांत्रिक व्यवस्था में जनता का विश्वास प्रभावित होगा। उन्होंने भाजपा सरकार पर लोकतांत्रिक संस्थाओं और संवैधानिक मूल्यों को कमजोर करने का आरोप लगाते हुए कहा कि आज देश के सामने संविधान की मूल भावना तथा लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा एक महत्वपूर्ण चुनौती है। उन्होंने बूथ लेवल एजेंटों से कहा कि वे अपने.अपने बूथ पर केवल संगठनात्मक प्रतिनिधि बनकर न रहें, बल्कि प्रत्येक पात्र मतदाता के अधिकारों के सजग प्रहरी अर्थात वोट रक्षक बनें। मतदाता सूची का बारीकी से परीक्षण करें, नए पात्र मतदाताओं के नाम जुड़वाने में सहयोग करें तथा किसी पात्र मतदाता का नाम छूटने, गलत प्रविष्टि होने या अनुचित विलोपन की आशंका मिलने पर निर्धारित प्रक्रिया के तहत तत्काल आपत्ति दर्ज कराएं। श्री पटोले ने कहा कि वोट बचाओ देश बचाओ अभियान का उद्देश्य जनता को जागरूक करना, मतदाता सूची में पारदर्शिता सुनिश्चित करने की मांग उठाना और लोकतंत्र एवं संविधान की रक्षा के लिए व्यापक जनभागीदारी तैयार करना है।

कांग्रेस कार्यकर्ताओं को इस जिम्मेदारी का निर्वहन पूरी गंभीरता और सतर्कता से करना होगा। उन्होंने निर्वाचन आयोग की जवाबदेही सुनिश्चित करने की मांग करते हुए मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार को पद से हटाने की कांग्रेस की मांग भी दोहराई। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक एवं चंद्रपुर विधायक रामकुमार यादव ने कहा कि वोट बचाओ देश बचाओ अभियान को प्रभावी बनाने के लिए बूथ स्तर पर ठोस कार्ययोजना और सतत निगरानी आवश्यक है।

करवाही तमनार में अभा अघरिया समाज की केंद्रीय बैठक

रायगढ़। अखिल भारतीय अघरिया समाज केन्द्रीय समिति रायगढ़ छत्तीसगढ़ की कार्यककरिणी पदाधिकारियों की त्रैमासिक बैठक 25 अक्टूबर को ग्राम करवाही क्षेत्र तमनार में राष्ट्रीय अध्यक्ष उषा पटेल की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

बैठक का शुभारंभ समाज के इष्टदेव भगवान श्रीकृष्ण जी की पूजा अर्चना कर मंचासीन पदाधिकारियों का अभिनंदन किया गया। स्वागत उद्बोधन तमनार अध्यक्ष यादलाल नायक द्वारा दिए जाने के बाद केंद्रीय सचिव भोजराम पटेल द्वारा बैठक के एजेंडा एवं पूर्व केंद्रीय कार्यकारिणी बैठक श्री कृष्ण धाम पैता में निर्माणाधीन श्रीकृष्ण भगवान मंदिर निर्माण के बारे में जानकारी दी गई। पिछले कार्यकारिणी बैठक का प्रतिवेदन पठन भुवन पटेल द्वारा किया गया। अखिल भारतीय अघरिया समाज केंद्रीय समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष उषा पटेल द्वारा श्री कृष्ण अघरिया धाम पैता में मन्दिर निर्माणएट्रस्ट निर्माण एवं विभिन्न पहलुओं के बारे जानकारी दी गई। विवाह में प्रि वेडिंग की निंदा करते मृत्युभोज को सीमित करने आग्रह



किया गया। सभी क्षेत्रीय इकाइयों को जिन्होंने अभी तक अपना क्षेत्रीय सम्मेलन नहीं किया है उन्हें शीघ्र क्षेत्रीय सम्मेलन करने हेतु निर्देशित किया गया। सरोरिया अघरिया समाज का सर्वेक्षण करने क्षेत्रीय अध्यक्ष गणों को दायित्व सौपा गया। नवम्बर 2026 में व्यवसायी, कृषक सम्मेलन एवं श्री कृष्ण पैता धाम में सामुदायिक भवन लोकार्पण मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, वित्तमंत्री ओपी चौधरी के मुख्य आतिथ्य में आयोजित करने निर्णय लिया गया। गेंदा उत्कृष्ट बागवानी हेतु विद्याधर पटेल को सम्मानित किया गया। मंच संचालन केन्द्रीय सचिव भोजराम पटेल व तमनार महासचिव तेजराम नायक तथा आभार प्रदर्शन कर बैठक कार्रवाई समापन की घोषणा केंद्रीय महासचिव बिहारी लाल पटेल द्वारा किया गया। बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष उषा पटेल, महासचिव कामता पटेल, महासचिव बिहारीलाल पटेल, तारेश्वरी नायक केंद्रीय महिला संयोजिका, प्रमोद कुमार पटेल केंद्रीय कोषाध्यक्ष, घनश्याम सिंह पटेल केंद्रीय सह सचिव, भुवन पटेल केंद्रीय संयुक्त सचिवए, गोपाल पटेल पर्यावरण सचिव, राजकुमार पटेल आंचलिक युवा संयोजक, हरिशंकर पटेल अचल प्रभारी सारंगढ़ एवं तमनार क्षेत्रीय समिति पदाधिकारी, युवा महिलाओं सामाजिक बन्धुओ की वृहद उपस्थिति रही समस्त उपस्थित जनों को ग्राम करवाही के स्वजातीय बंधुओं द्वारा भोजन प्रसाद वितरण किया गया।

वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. विलियम ने हृदय उपचार के क्षेत्र में रचा नया इतिहास

रायगढ़। हृदय रोगों के आधुनिक उपचार के क्षेत्र में बालाजी मेट्रो हॉस्पिटल रायगढ़ में एक महत्वपूर्ण चिकित्सकीय उपलब्धि सामने आई है। वरिष्ठ इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट एवं हृदय रोग विशेषज्ञ डॉण विलियम अलेक्जेंडर नंदा के नेतृत्व में 42 वर्षीय मरीज का जटिल हृदय संबंधी उपचार विशेष तकनीक के माध्यम से किया गया। मैराथन दौड़ते समय सीने में दर्द होने के बाद अस्पताल लाए गए मरीज की जांच में हृदयाघात की पुष्टि हुई। एंजियोग्राफी में हृदय की दाहिनी ओर की रक्त वाहिका में थक्का पाए जाने के बाद विशेषज्ञ टीम ने थ्रोम्बस सक्शन तकनीक से उपचार किया, जिससे रक्त प्रवाह बहाल करने में सफलता मिली।

यह उपचार रायगढ़ में आधुनिक इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजी सेवाओं की उपलब्धता को दर्शाता है। इस प्रकार की जटिल प्रक्रियाओं के लिए मरीजों को अक्सर बड़े महानगरों के विशेषज्ञ केंद्रों का रुख करना पड़ता है। डॉ. विलियम अलेक्जेंडर नंदा की विशेषज्ञता और श्री बालाजी मेट्रो हॉस्पिटल की सुविधाओं के माध्यम से रायगढ़ में ही इस तरह का विशेष उपचार उपलब्ध होना क्षेत्र के मरीजों के लिए महत्वपूर्ण है। मैराथन के दौरान सीने में दर्द, जांच में सामने आया



हृदयाघात मरीज संतोष बैक 42 वर्ष, निवासी लोचन नगर, रायगढ़, भिलाई में सीएएफ में आरक्षक के पद पर कार्यरत हैं। मैराथन दौड़ते समय अचानक सीने में दर्द होने पर उन्हें श्री बालाजी मेट्रो हॉस्पिटल लाया गया।

प्रारंभिक जांच एवं ईसीजी के आधार पर हृदयाघात की पुष्टि हुई। इसके बाद एंजियोग्राफी सहित आवश्यक जांच की गई, जिसमें हृदय की दाहिनी ओर की रक्त वाहिका में रक्त का थक्का होने की जानकारी सामने आई। थक्के के कारण हृदय की मांसपेशियों तक रक्त का प्रवाह प्रभावित हो रहा था। ऐसी स्थिति में समय पर विशेषज्ञ उपचार अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। मरीज की स्थिति को देखते हुए थ्रोम्बस सक्शन अथवा थ्रोम्बस एस्पिरेशन प्रक्रिया के माध्यम से रक्त वाहिका में मौजूद थक्के को निकालने का उपचार किया। इस प्रक्रिया का उद्देश्य थक्के को हटाकर रक्त प्रवाह बहाल करने में सहायता करना है। अस्पताल से प्राप्त जानकारी के अनुसार, उपचार के बाद मरीज के रक्त प्रवाह में सुधार हुआ और सीने का दर्द समाप्त हो गया। मरीज फिलहाल अस्पताल में भर्ती हैं तथा चिकित्सकीय निगरानी में उनका उपचार जारी है।

डॉ. विलियम अलेक्जेंडर नंदा के नेतृत्व में चिकित्सकीय टीम का समन्वित प्रयास इस जटिल प्रक्रिया में चिकित्सकीय टीम ने समन्वय के साथ कार्य किया। उपचार में डीएनबी चिकित्सक डॉ. अमन बसतानी वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. वीरेंद्र गुप्ता एवं डॉ. अभिषेक अग्रवाल ने सहयोग दिया।

बनगांव एनीकट का तेजी से हो रहा निर्माण

जशपुरनगर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश में सिंचाई सुविधाओं के विस्तार और ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि विकास को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न निर्माण कार्यों को गति दी जा रही है। इसी कड़ी में बनगांव एनीकट का निर्माण कार्य तेजी से किया जा रहा है। 5 करोड़ 40 लाख रुपये की लागत से बन रहे इस एनीकट से क्षेत्र में सिंचाई सुविधाओं का विस्तार होगा तथा किसानों को खेती-किसानी में लाभ मिलेगा। इस एनीकट के निर्माण से लोकेर एवं बनगांव क्षेत्र की लगभग 170 हेक्टेयर कृषि भूमि को सिंचाई की सुविधा उपलब्ध होगी। इससे किसानों को फसलों के लिए पानी की उपलब्धता बढ़ाने में मदद मिलेगी और कृषि कार्यों को अधिक सुविधाजनक बनाया जा सकेगा।एनीकट निर्माण से क्षेत्र में जल संरक्षण को भी बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। जल संचयन से स्थानीय स्तर पर जल की उपलब्धता बेहतर बनाने में सहायता मिलेगी, जिससे किसानों को सिंचाई के लिए अतिरिक्त सुविधा मिल सकेगी।विभागीय जानकारी के अनुसार, बनगांव एनीकट का निर्माण कार्य दिसंबर 2026 तक पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

जूनियर कप फुटबॉल प्रतियोगिता में बरांगजोर टीक ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीता फाइनल मुकाबला



हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले के कमतरा ग्राम पंचायत में आयोजित कमतरा जूनियर कप फुटबॉल प्रतियोगिता का रोमांचक फाइनल मुकाबला 25 अक्टूबर को हुआ। बरांगजोर और भुसड़ीटोली के बीच खेले गए इस खिताबी मुकाबले में बरांगजोर की टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए 5-0 के बड़े अंतर से जीत दर्ज कर चैंपियनशिप अपने नाम कर ली। इस प्रतियोगिता में जिले भर से कुल 32 जूनियर टीमों ने हिस्सा लेकर अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य युवाओं को नशे से दूर रखना, स्वस्थ जीवनशैली अपनाना और उन्हें खेलों से जोड़ना था, जो पूरी तरह सफल रहा। आयोजन कमतरा ग्राम पंचायत के युवा सरपंच एवं जिला एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष अभिषेक कुजूर तथा बीडीसी अभिनंद खलखो के नेतृत्व में युवा समिति कमतरा द्वारा किया गया था। अनिमेष कुजूर के हाथों विजेता टीम एवं उपविजेता टीम को पुरस्कार दिया गया।

समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह, जिला पंचायत जशपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक कुमार, ट्रैफिक पुलिस अधीक्षक, जनपद अध्यक्ष सुशिला साय और जनपद पंचायत कुनकुरी के सीईओ प्रमोद कुमार सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम के विशेष आकर्षण एशियन गेम्स के कांस्य पदक विजेता, युवा दिलों के प्रेरणास्त्रोत अनिमेष कुजुर और उनका परिवार रहे। कमतरा पहुंचने पर एशियन गेम्स पदक विजेता अनिमेष कुजूर का गर्मजोशी के साथ भव्य स्वागत किया गया। पुलिस अधीक्षक डॉ.लाल उमेद सिंह ने युवाओं को नशे से दूर रहने की नसीहत दी। कार्यक्रम के दौरान आयोजन समिति एवं एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष अभिषेक कुजूर ने शासकीय प्राथमिक शाला डीपाटोली में पदस्थ शिक्षक एवं राष्ट्रीय स्तर के धावक महेश तिर्की को शॉल और मोमेंटो भेंटकर सम्मानित किया।



किंग में शाहरुख के खूंखार लुक ने मचाया तहलका

मुंबई। शाहरुख खान की धमाकेदार वापसी होने वाली है। 24 दिसंबर को रिलीज होने वाली उनकी एक्शन फिल्म 'किंग' के 17 सेकंड के नए टीजर में वे काफी रफ और खूंखार लुक में नजर आ रहे हैं। 'किंग' के नए वीडियो में शाहरुख खान के बाल सफेद-काले हैं, होंठ से खून बह रहा है और उन्होंने अपने दांतों के बीच 'किंग ऑफ स्पेड्स' यानी हुकुम का इक्का कार्ड दबा रखा है। काउंटडाउन वीडियो के आखिर में लिखा आता है- 'पिक्चर अभी बाकी है!' जो उनकी फिल्म 'ओम शांति ओम' के उस यादगार डायलॉग की याद दिलाता है। 'किंग' के नए काउंटडाउन वीडियो में आपको शाहरुख खान का खूंखार लुक देखने को मिलेगा।

लाइफ Style

अदिति

अदाकारी के साथ ग्लैमर्स का बिखेरा जलवा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

हाल ही में ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर अभिनेता मनोज बाजपेयी स्टारर फिल्म गजब रात को रिलीज किया गया। क्राइम थ्रिलर के तौर पर गजब रात की सिनेमाई गलियारे में खूब चर्चा हो रही है।

ठीक उसी तरह से इस ओटीटी मूवी में महिला पत्रकार आर्या साहनी का किरदार निभाने वाली अदाकारा का नाम भी लगातार सुर्खियां बटोर रहा है। फिल्म गजब राज को क्रिटिक्स और ऑडियंस की तरफ से पॉजिटिव रिस्पॉन्स मिल रहा है। साथ ही जिस तरह से इस मूवी में आर्या साहनी का किरदार अभिनेत्री अदिति संध्या शर्मा ने निभाया है, उसकी भी प्रशंसा हर कोई कर रहा है। अदिति ने अपनी शानदार अदाकारी के साथ-साथ ग्लैमर्स का जलवा भी बखूबी बिखेरा है।गजब रात में अदिति महिला पत्रकार आर्या साहनी के मजबूत कैरेक्टर में नजर आई हैं और इस ओटीटी मूवी की कहानी उनके किरदार के इर्द-गिर्द घूमती रहती है। आपको बता दें कि अदिति रायपुर छत्तीसगढ़ की रहने वालीं और फिल्मी दुनिया में कदम रखने से वह मिसे छत्तीसगढ़ का ब्यूटी कॉन्सेस्ट अपने नाम कर चुकी हैं। फिल्म गजब रात से पहले वह अभिनेता शाहिद कपूर की क्राइम थ्रिलर देवा में अहम किरदार निभाते हुई नजर आई हैं। इसके अलावा सुपरस्टार ऋतिक रोशन और दीपिका पादुकोण की फाइटर में भी अदिति मौजूद रहीं। इतना ही नहीं वह रणबीर सिंह के साथ एक टीवी ऐड में दिखाई दे चुकी हैं।



हॉलीवुड मसाला



स्विफ्ट-केल्सी के तलाक पर ली चुटकी

नई दिल्ली। एक लाइक ने सोशल मीडिया पर बवाल मचा दिया है। हॉलीवुड सिंगर टेलर स्विफ्ट के पति ट्रैविस केल्सी ने 'सैटरडे नाइट लाइव' शो में शेन गिलिस के उस मोनोलॉग की क्लिप को लाइक किया है, जिसमें उन्होंने महिलाओं के जिम में पहनावे को लेकर अभद्र टिप्पणी की थी। इस वायरल क्लिप के बाद शेन गिलिस को काफी आलोचनाओं का सामना भी करना पड़ा था। अब हाल ही 'बारस्टूल स्पोर्ट्स' ने महिलाओं पर अभद्र टिप्पणी को लेकर सिंगर टेलर स्विफ्ट पर निशाना साधते हुए ट्रैविस केल्सी के साथ उनके तलाक को लेकर मजाक उड़ाया।



डेनियल की जगह लेने की रेस में शामिल दो सितारे

नई दिल्ली। 15 साल के लंबे सफर में डेनियल क्रेग ने लगभग 5 फिल्मों में जेम्स बॉन्ड का किरदार अदा किया। हॉलीवुड अभिनेता को इस भूमिका में इतना प्यार मिला कि जब डेनियल ने 'नो टाइम टू डाई' के बाद जेम्स बॉन्ड को अलविदा कहा तो फैंस का दिल टूट गया। जेम्स बॉन्ड के आइकॉनिक किरदार के लिए अमेजन एमजीएम स्टूडियो एक लंबे समय से नए चेहरे की तलाश कर रहा था। दुनिया के मोस्ट फेमस जासूस जेम्स बॉन्ड के किरदार के लिए कई बड़े हॉलीवुड एक्टर्स में होड़ है। रिपोर्ट्स की मानें तो रॉम-कॉम 'वन नाइट ओनली' में नजर आए 'कैलम टर्नर' और 'स्लो हॉर्सेस' के अभिनेता 'जैक लोडेन' जेम्स बॉन्ड बनने की रेस में सबसे आगे हैं, जिनका इस किरदार के लिए स्क्रीन टेस्ट हो रहा है। ये स्क्रीन टेस्ट लंदन में इस वीकेंड पर हो रहा है।



'मौजा ही मौजा' में नजर आएंगी राशि

मुंबई। साउथ की चर्चित अभिनेत्री राशि खन्ना जल्द ही अक्षय कुमार की फिल्म 'मौजा ही मौजा' में नजर आएंगी। इस फिल्म की शूटिंग उन्होंने पूरी कर ली है और सेट से कुछ झलकियां शेयर करते हुए खुशी जताई है। राशि खन्ना ने आज शनिवार को इंस्टाग्राम अकाउंट से पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने तस्वीरों की एक सीरीज शेयर की है। साथ ही लंबा नोट लिखा है। राशि ने लिखा है, 'हर फिल्म की एक कहानी स्क्रीन पर होती है, लेकिन कभी-कभी असली मजा तब आता है, जब कैमरा चल नहीं रहा होता'। अभिनेत्री ने आगे लिखा है,'फिल्म 'मौजा ही मौजा' उन शूट्स में से एक था, जो काम से ज्यादा छुट्टी जैसा लगा। बिना रुके हंसी से लेकर लूडो गेम्स, डंब चारेड्स, कैरम मैच और बीच-बीच में होने वाले सारे पागलपन तक, कभी कोई पल बोरिंग नहीं था'।



रामायण का नया गाना मंगल रंग जारी

मुंबई। अपकमिंग फिल्म 'रामायण' का नया गाना 'मंगल रंग' रविवार को रिलीज हो गया है। इसमें दर्शकों को भगवान राम और माता सीता के रूप में रणबीर कपूर और साई पल्लवी की झलक देखने को मिली है। इस गाने को अरिजीत सिंह और श्रेया घोषाल ने आवाज दी है। इसे ए.आर. रहमान ने कंपोज किया है। गाने के बोल कुमार विश्वास ने लिखे हैं। इससे पहले चेन्नई में हुए एक लॉन्च इवेंट में भी इस गाने को दिखाया गया था, जहां इसके संगीत और दृश्यों ने लोगों में काफी उत्साह पैदा किया। 5 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही इस फिल्म में 'मंगल रंग' एक और शानदार संगीतमय आकर्षण जोड़ता है। 25 अक्टूबर को जारिए किए गए 'मंगल गीत' गाने में राम और सीता के विवाह को दर्शाया गया है।

टीवी मसाला



करण के शो पर पहुंचे वरुण जान्हवी, अर्जुन भी देंगे दिखाई

नई दिल्ली। करण जौहर का पॉपुलर चैट शो 'कॉफी विद करण सीजन 9' काफी सुर्खियों में बना हुआ है। अभी तक इसके दो एपिसोड आ चुके हैं। पहले एपिसोड में सलमान खान बतौर गेस्ट नजर आए थे और दूसरे एपिसोड में विजय और रश्मिका की जोड़ी दिखाई दी थी। वहीं, अब इसके तीसरे एपिसोड में वरुण धवन और जान्हवी कपूर नजर आने वाले हैं। दोनों करण के साथ जमकर मस्ती करते दिखाई देंगे। शो के प्रोमो में वरुण और जान्हवी एक-दूसरे की टांग खींचने के साथ करण जौहर का भी मजाक उड़ाते नजर आ रहे हैं। इसके अलावा अर्जुन कपूर की सरप्राइज एंट्री ने इस एपिसोड को और भी मजेदार बना दिया है। शो के प्रोमो में देखने को मिला कि वरुण और जान्हवी उस समय को याद करते हैं, जब करण जौहर ने दोनों से बात करना बंद कर दिया था। जान्हवी बताती हैं कि उस दौरान उनका वजन बढ़ गया था। वहीं वरुण, करण को 'बहुत ड्रामेबाज' बताते हैं। इतना ही नहीं, वरुण, करण की नकल भी उतारते हैं और उनकी तुलना फिल्म 'कभी खुशी कभी गम' के अमिताभ बच्चन के किरदार से कर देते हैं। वरुण मजाकिया अंदाज में कहते हैं, 'आप के3जी वाले बच्चन बन गए थे... मैं बड़ा हूं, मुझे हक है।' शो में मस्ती का सिलसिला यहीं खत्म नहीं होता। अर्जुन कपूर भी सरप्राइज एंट्री करते हैं। रैपिड फायर राउंड के दौरान जब करण करियर और शादी से जुड़े सवाल करते हैं, तो दोनों में वरुण धवन, अर्जुन कपूर का नाम लेते हैं। वहीं, जान्हवी कपूर एक मजेदार खुलासा करती हैं।

गर्लफ्रेंड काशवी ने स्काउट को लताड़ा

नई दिल्ली। सलमान खान का शो बिग बॉस 20 काफी चर्चा में है। इस बार शो के वीकएंड का वार को सलमान खान के बजाए निर्माता-निर्देशक रोहित शेट्टी ने होस्ट किया है। शेट्टी ने स्काउट और लव गिल को 'ब्लैकेट मसाज'के लिए फटकार लगाई। शो में स्काउट की गर्लफ्रेंड काशवी भी पहुंचीं। वह स्काउट पर काफी नाराज हुईं। वीकएंड का वार का एक प्रोमो वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें देखा जा सकता है कि स्काउट की गर्लफ्रेंड काशवी बिग बॉस के घर में आती हैं। वह स्काउट से पूछती हैं कि मसाज पार्लर कैसा चल रहा है। इसके बाद वह लव गिल से कहती हैं कि क्या सच में आप अपने मुंह बोले भाइयों के साथ ऐसा करती हो? इस पर लव गिल कहती हैं कि मेरे लिए यह नॉर्मल था क्योंकि मुझे दर्द हो रहा है।



परिणीति की सीरीज से हटाए गए अनूप के एक्शन सीन

अभिनेता अनूप सोनी हाल ही में नेटफ्लिक्स की मिस्ट्री थ्रिलर सीरीज 'शक: ट्रस्ट नो वन' में नजर आए थे। इस सीरीज में परिणीति चोपड़ा और जेनिफर विंगेट भी अहम भूमिकाओं में थीं। शो में इंस्पेक्टर खुराना का किरदार निभाने वाले अनूप सोनी ने अब अपने कुछ सीन डिलीट किए जाने पर निराशा जाहिर की है।

मुंबई। एक्टर ने इंस्टाग्राम पर अपने डिलीट हुए सीन के वीडियो शेयर किए और बताया कि ऐसे सीक्वेंस तैयार करने में कितनी मेहनत लगती है, लेकिन कई बार इन्हें फाइनल कट में जगह नहीं मिल पाती। अनूप सोनी ने इंस्टाग्राम पर सीरीज से हटाए गए कुछ एक्शन सीक्वेंस की झलक दिखाई है।

एक वीडियो में घायल अनूप सोनी पर उनके को-स्टार विक्की अरोड़ा हमला करते नजर आ रहे हैं। इसके बाद एक सीन में अनूप उनका गला दबाते दिखाई देते हैं। वहीं, दूसरे वीडियो में एक्टर की कमर पर कैमरा बंधा हुआ है और वह हांफते हुए नजर आ रहे हैं। इन सीन्स को शूट करने के लिए एक्टर ने काफी मेहनत की थी, लेकिन इन्हें सीरीज के फाइनल वर्जन में शामिल नहीं किया गया। इन वीडियो को शेयर करते हुए अनूप सोनी ने लिखा, 'शक से खुराना साहब के कुछ ऐसे सीक्वेंस, जो फाइनल वर्जन का हिस्सा नहीं बन पाए। ऐसे



सीक्वेंस तैयार करने में काफी सोच-विचार, समय, मेहनत और संसाधन लगते हैं। इसमें राइटर्स, डायरेक्टर, एक्शन कोरियोग्राफर, एक्टर्स, सिनेमैटोग्राफर, प्रोड्यूसर और पूरी क्रू टीम का योगदान होता है।' हालांकि, अनूप सोनी ने यह भी माना कि फिल्म मेकिंग में इस तरह के फैसले लेना आम बात है। उन्होंने आगे लिखा, 'जब कोई सीक्वेंस फाइनल कट में जगह नहीं बना पाता, तो थोड़ी निराशा जरूर होती है। लेकिन फिल्म मेकिंग में पूरी कहानी को ध्यान में रखना जरूरी होता है।

म्यूजिकल लव स्टोरी में आदित्य संग रोमांस करेंगी तारा, पहली बार साथ आएंगे नजर

बॉलीवुड अभिनेता आदित्य रॉय कपूर और अभिनेत्री तारा सुतारिया जल्द ही बड़े पर्दे पर स्क्रीन शेयर करते हुए नजर आने वाले हैं। दोनों फिल्म निर्माता भूषण कुमार की आगामी इंटेंस म्यूजिकल लव स्टोरी में लीड रोल प्ले करते हुए दिखाई देंगे। इस फिल्म का निर्देशन मिलाप मिलन जावेरी करेंगे। वहीं, शिव चानना को-प्रोड्यूसर के तौर पर फिल्म से जुड़े हैं।

नई दिल्ली। यह फिल्म प्यार, भावनाओं और संगीत से भरपूर होने वाली है। खास बात यह है कि दर्शकों को आदित्य और तारा की नई ऑनस्क्रीन जोड़ी देखने को मिलेगी। आदित्य रॉय कपूर बॉलीवुड में अपनी रोमांटिक फिल्मों के लिए खास पहचान रखते हैं। 'आशिकी 2' जैसी फिल्म में उनके अभिनय और रोमांटिक अंदाज को दर्शकों ने खूब पसंद किया था। वहीं तारा सुतारिया भी अपनी खूबसूरती, अभिनय और स्क्रीन प्रेजेंस के लिए जानी जाती हैं। ऐसे में दोनों को एक इंटेंस म्यूजिकल लव स्टोरी में साथ देखना दर्शकों के लिए दिलचस्प होगा। इस प्रोजेक्ट में तारा 'मरजावां' के बाद भूषण कुमार और मिलाप मिलन जवेरी के साथ फिर से



काम कर रही हैं । उन्होंने पहले भी टी-सीरीज के साथ 'एक विलेन रिटर्न्स' में काम किया था और अब यह बैनर के साथ उनका तीसरा काम है। एक रॉ और इमोशनल लव स्टोरी के सेंटर में, इस फिल्म का मकसद लड़ाई और हाई-स्टेक ड्रामा के बैकग्राउंड में रोमांस को दिखाना है। निर्माताओं की योजना के मुताबिक, फिल्म की शूटिंग इसी साल के अंत तक शुरू होगी और इसे 2027 में सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा। फिलहाल फिल्म के आधिकारिक नाम और रिलीज डेट की घोषणा होना बाकी है। अब देखना दिलचस्प होगा कि आदित्य रॉय कपूर और तारा सुतारिया की यह नई रोमांटिक जोड़ी बड़े पर्दे पर दर्शकों का दिल जीतने में कितनी सफल होती है।

महिला किरदारों ने दिखाई ताकत, दर्शकों ने अपनाईं ये महिला केंद्रित फिल्में

मदर इंडिया से नई नवेली तक, कहीं जिद तो कहीं हौसले की उड़ान

नई दिल्ली। यामी गौतम स्टारर फिल्म 'नई नवेली' ने आठ दिनों में दुनियाभर में करीब 30 करोड़ रुपए का कारोबार कर लिया है। यह मूवी 'प्रहार' जैसी फिल्मों को टक्कर दे रही है। बालाजी मोहन के निर्देशन में बनी यामी गौतम की फिल्म 'नई नवेली' एक हॉरर-कॉमेडी है, जिसमें अभिनेत्री ने मोहिनी नाम की रहस्यमयी बहू का किरदार निभाया है, जिसे देखने के बाद डर का माहौल बनने लगता है। ऐसे में फिल्म की कहानी, कमाई और एक्ट्रेस के अभिनय ने इसे एक बार फिर बॉलीवुड की महिला प्रधान फिल्मों को चर्चा में ला दिया है। कभी हीरो के नाम पर टिकट बेचने वाली इंडस्ट्री में अब अभिनेत्रियां भी अपने दम पर दर्शकों को सिनेमाघरों तक खींच रही हैं। ऐसे में आइए इस फिल्म के साथ-साथ अब जानते हैं उन चर्चित वुमन सेंट्रिक फिल्मों के बारे में, जिन्होंने बॉक्स ऑफिस पर सफलता हासिल करने के साथ महिला किरदारों की ताकत भी दिखाई।



मदर इंडिया : नरगिस स्टारर 'मदर इंडिया' भारतीय सिनेमा की सबसे यादगार महिला प्रधान फिल्मों में शामिल है। महबूब खान के निर्देशन में बनी यह फिल्म राधा नाम की महिला की कहानी है, जो गरीबी, कर्ज और सामाजिक मुश्किलों के बीच अपने बच्चों की परवरिश करती है। पति के साथ छोड़ जाने के बाद भी राधा हार नहीं मानती और अकेले अपने परिवार की जिम्मेदारी उठाती है। फिल्म में एक मां के संघर्ष, स्वाभिमान और न्याय के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को दिखाया गया है। कहानी में ऐसा मोड़ भी आता है, जब राधा को अपने बेटे के खिलाफ कठोर फैसला लेना पड़ता है। नरगिस के दमदार अभिनय ने इस किरदार को अमर बना दिया। 'मदर इंडिया' सर्वश्रेष्ठ विदेशी भाषा की फिल्म की श्रेणी में ऑस्कर के लिए नामांकित होने वाली पहली भारतीय फिल्म बनी थी।

मिर्च मसाला : केतन मेहता के निर्देशन में बनी फिल्म 'मिर्च मसाला' महिलाओं के साहस, आत्मसम्मान और अन्याय के खिलाफ संघर्ष की कहानी है। फिल्म में स्मिता पाटिल ने सोनबाई का किरदार निभाया है, जो एक ताकतवर सूबेदार की बुरी नजरों का शिकार होती है। हालांकि, वह उसके सामने झुकने के बजाय उसका डटकर मुकाबला करती है। फिल्म में दिखाया गया है कि कैसे एक महिला अपने सम्मान की रक्षा के लिए समाज की रूढ़िवादी सोच और पुरुष प्रधान व्यवस्था को चुनौती देती है। यह फिल्म महिला एकजुटता और सशक्तिकरण का मजबूत संदेश देती है।

दामिनी : राजकुमार संतोषी के निर्देशन में बनी फिल्म 'दामिनी' एक ऐसी महिला की कहानी है, जो सच और इंसाफ के लिए अपने परिवार और समाज के खिलाफ खड़ी हो जाती है। फिल्म में मीनाक्षी शेषाद्रि ने दामिनी का किरदार निभाया है। दामिनी अपने घर में काम करने वाली एक युवती के साथ हुए दुष्कर्म की गवाह बनती है और उसे न्याय दिलाने के लिए संघर्ष करती है। इस लड़ाई में उसे कई मुश्किलों, धमकियों और पारिवारिक दबाव का सामना करना पड़ता है, लेकिन वह हार नहीं मानती। यह फिल्म महिलाओं के साहस, न्याय और सच्चाई के लिए लड़ने की ताकत को दर्शाती है।

इंग्लिश विंग्लिश : श्रीदेवी स्टारर 'इंग्लिश विंग्लिश' एक साधारण गृहिणी के आत्मविश्वास और आत्मसम्मान की खूबसूरत कहानी है। गौरी शिंदे के निर्देशन में बनी इस फिल्म में श्रीदेवी ने शशि नाम की महिला का किरदार निभाया है, जो अपने परिवार का पूरा ध्यान रखती है, लेकिन अंग्रेजी नहीं बोल पाने के कारण उसे घर में ही मजाक का सामना करना पड़ता है। जब शशि अमेरिका जाती है, तो वह अंग्रेजी सीखने का फैसला करती है। लंबे अंतराल के बाद श्रीदेवी की इस फिल्म से वापसी हुई थी और उनके अभिनय को खूब सराहा गया।

कहानी : विद्या बालन की 'कहानी' महिला प्रधान सस्पेंस फिल्मों की बेहतरीन मिसाल मानी जाती है। सुजॉय घोष के निर्देशन में बनी इस फिल्म में विद्या ने एक गर्भवती महिला का किरदार निभाया, जो अपने लापता पति की तलाश में कोलकाता पहुंचती है। फिल्म ने भारत में लगभग 51.55 करोड़ रुपए का नेट कलेक्शन किया। कम बजट, मजबूत पटकथा और शानदार अभिनय के दम पर फिल्म सफल रही।

गंगूबाई काठियावाड़ी : संजय लीला भंसाली की 'गंगूबाई काठियावाड़ी' ने साबित किया कि बड़े बजट की फिल्म को सफल बनाने के लिए पुरुष सुपरस्टार का होना जरूरी नहीं है। आलिया भट्ट ने गंगूबाई के किरदार में अपनी अभिनय क्षमता का शानदार प्रदर्शन किया।

खबर संक्षेप

30 को मनाया जाएगा पीएम किसान उत्सव

रायगढ़। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 24वीं किस्त 30 अक्टूबर को जारी की जाएगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुजरात के बनासकांठा से पात्र किसानों के खातों में किस्त की राशि अंतरित करेंगे। इस अवसर पर देशभर में पीएम.किसान उत्सव दिवस मनाया जाएगा। जिला, विकासखंड और ग्राम स्तर पर कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने अधिक से अधिक किसानों की सहभागिता सुनिश्चित करने तथा योजना का व्यापक प्रचार प्रसार करने पर जोर दिया है।

आठवीं वर्षगांठ पर तीन युवाओं ने ली सदस्यता

चंद्रपुर। एकता सोशल हेल्प ऑर्गेनाइजेशन चंद्रपुर टीम एकता ने अपनी स्थापना के आठ वर्ष पूर्ण होने पर आठवीं वर्षगांठ हर्षोल्लास के साथ मनाई। इस अवसर पर संगठन के सामाजिक एवं जनसेवा कार्यों से प्रभावित होकर तीन युवाओं रोहन ठाकुर, सुभाष सिंह राठौर एवं जयंत दास महंत ने टीम एकता की सदस्यता ग्रहण करने का संकल्प लिया। अध्यक्ष दिनेश देवांगन सहित संगठन के सदस्यों ने नए साथियों का स्वागत किया। टीम एकता पिछले आठ वर्षों से समाजहित और मानव सेवा के उद्देश्य से निरंतर कार्य कर रही है। संगठन द्वारा जरूरतमंद विद्यार्थियों को स्कूल बैग, कॉपी, पेन एवं अध्ययन सामग्री वितरित करने के साथ ही ठंड के मौसम में कंबल वितरण, वृद्धजनों को भोजन सेवा तथा जरूरतमंद लोगों की सहायता जैसे कार्य किए जाते रहे हैं। इसके अलावा संगठन रक्तदान, गौसेवा, भारत माता की महाआरती, जल संरक्षण, वृक्षारोपण एवं पर्यावरण संरक्षण जैसे सामाजिक और जनहितकारी कार्यों में भी सक्रिय भूमिका निभा रहा है। कोरोना महामारी के कठिन दौर में भी टीम एकता ने जरूरतमंद लोगों की सहायता कर मानव सेवा का परिचय दिया।

पीएम आवास के निर्माण कार्यों में तेजी लाने निर्देश

कटेली। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत स्वीकृत आवासों का निर्माण समय सीमा में पूर्ण कराने के लिए सारंगढ़ जनपद पंचायत क्षेत्र में समीक्षा और निगरानी तेज कर दी गई है। राज्य शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की प्राथमिकताओं के अनुरूप जिले में आवास निर्माण कार्यों को गति देने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। जनपद पंचायत सारंगढ़ के मुख्य कार्यपालन अधिकारी आरएस नायक ने ग्राम सालर में आसपास की 10 ग्राम पंचायतों के सचिवों की समीक्षा बैठक लेकर प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत स्वीकृत एवं निर्माणाधीन आवासों की प्रगति की जानकारी ली तथा अपूर्ण आवासों को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण कराने के निर्देश दिए। मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री नायक ने समीक्षा के दौरान ग्राम पंचायत गोड़ीहारी, दानसरा और अचानकपाली में लंबित आवास निर्माण कार्यों की स्थिति पर विशेष ध्यान देते हुए संबंधित पंचायत सचिवों को निर्माण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए।

न्यायालय तहसीलदार खरसिया
जिला रायगढ़ (छ.ग.)
समाचार पत्र में ईश्तहार प्रकाशन बाबत
रा.प्र.क्र.-202508041000005/54/अ-21/2024-2025
ग्राम खरसिया तहसील खरसिया
अदिती अग्रवाल पिता राजेश अग्रवाल
निवासी ग्राम खरसिया तहसील खरसिया
जिला रायगढ़ (छ.ग.)
.....आवेदक
बनाम
रौनक अग्रवाल पिता गलानंद अग्रवाल
निवासी ग्राम - फगुरम
तहसील मालखरौदा जिला सक्ती (छ.ग.)
.....अनावेदक
एतद द्वारा सर्व साधारण ग्राम खरसिया प.ह.नं. 22 तहसील खरसिया को सूचित किया जाता है कि कलेक्टर न्यायालय के रा.प्र.क्रं. 202508041000005/51/अ-21/2024-25 में आवेदक अदिती अग्रवाल पिता राजेश अग्रवाल निवासी खरसिया, जिला रायगढ़ के द्वारा ग्राम खरसिया प.ह.नं. 22 तहसील खरसिया स्थित भूमि खसरा नंबर 525/40 रकबा 0.016 हे. परिवर्तित भूमि स्थित हैं आवेदक को रकम की आवश्यकता होने से प्रस्तावित क्रेता रौनक अग्रवाल पिता गलानंद अग्रवाल निवासी फगुरम तहसील मालखरौदा जिला सक्ती (छ.ग.) को विक्रय करने की अनुमति बाबत निवेदन किया गया है। जिसके संबंध में अनुमति हेतु कलेक्टर महोदय रायगढ़ के समक्ष आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है जो कि जांच हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है। जिसकी सुनवाई तिथि 05.11.2026 को नियत किया गया है।
उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति हो तो अपना दावा आपत्ति स्वयं या अपने मान्यता प्राप्त अभिकर्ता के माध्यम से पेशी दिनाँक 28.10.2026 तक प्रस्तुत कर सकते है नियत तिथी बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।
आज दिनाँक 23.10.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।
तहसीलदार
खरसिया, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़)

विभिन्न मंदिरों और सामाजिक संगठनों द्वारा किया गया श्रद्धालुओं को खीर प्रसाद वितरण

शरद पूर्णिमा पर सरिया में भजन कीर्तन का किया गया आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ सरिया

शरद पूर्णिमा पर रविवार को नगर के मंदिरों और सामाजिक संगठनो के द्वारा शरद पूर्णिमा महोत्सव मनाया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और पूजा अर्चना की। श्रद्धालुओं ने मंदिरों में देवी देवताओं की महा मंगलमय आरती करने के साथ खीर का महा भोग लगाया।

नगर के खजुरिया तालाब में श्रद्धालुओं के द्वारा भजन कीर्तन किया गया। वहीं सोनार पारा सरिया लक्ष्मी पूजन समिति के द्वारा लक्ष्मी पंडाल पर खीर बनाकर वितरण किया गया। मान्यता है कि शरद पूर्णिमा की रात चंद्रमा अपनी 16 कलाओं से परिपूर्ण रहता है और चांदनी रात में रखी गई खीर में अमृत समान औषधीय गुण आ जाता है। इसीलिए श्रद्धालुओं के द्वारा जनकल्याण हेतु खुले आसमान के बीच खीर बनाया गया और भोग लगाया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने भगवान कृष्ण, मां लक्ष्मी की पूजा अर्चना की गई। महिला सत्संग समिति के संयोजक श्याम लता बंसल ने कहा कि शरद पूर्णिमा के दिन हमारे समिति के द्वारा प्रति वर्ष रात में भजन कीर्तन कर खीर प्रसाद भगवान को अर्पण करने के बाद श्रद्धालुओं में वितरण किया जाता है। इस वर्ष भी समिति ने उत्साह के साथ साथ शरद पूर्णिमा मनाया है। महिला सत्संग समिति ने भगवान कृष्ण का भव्य श्रृंगार किया और देर रात तक भजन कीर्तन का दौर चला। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां पहुंचकर भगवान की पूजा अर्चना की और भोग प्रसाद ग्रहण कर पुण्य के भागी बने। सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति बस्ती बीच के द्वारा भी शरद पूर्णिमा मनाया गया। जहां श्रद्धालुओं ने खीर भोग प्रसाद का वितरण किया। सरिया हमेशा से ही धार्मिक, सामाजिक गतिविधियों में तन मन धन के साथ कार्य करते आ रहे हैं। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं की मनोकामना पूर्ण होने के लिए भगवान से प्रार्थना किया।

इंद्र पूजा के साथ भजन-कीर्तन खीर सुधा किया गया वितरण

पुसौर। नगर पंचायत पुसौर में परम्परागत रूप से भाद्रपद पूर्णिमा के दिन आयोजित होने वाली इंद्र पूजा अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दी गई थी। जिसे बीते शरद पूर्णिमा के अवसर पर विधि-विधान से संपन्न किया गया। इस अवसर पर प्रतिवर्ष होने वाले देर रात तक भजन कीर्तन और सुबह खीर सुधा वितरण की परंपरा का भी निर्वहन किया गया।

इस आयोजन को सफल बनाने में नगर के 13 पार्षदों प्रदीप यादव फगुलाल प्रधान मंजु निराकार पटेल रितेश थवाईत बलराम सौरा गोपाल सौंरा प्रमोद गुप्ता बरूण देव महाना रूपेश साव सीक बाई सारथी शौकीलाल चौहान किशोर कसेर और आयोजन समिति अध्यक्ष भरत षडंगी सहित समूचे नगरवासियों और समीपस्थ ग्रामवासियों ने पुरजोर कोशिश की। उल्लेखनीय है कि इससे पहले दुर्गा पूजा के दौरान ओपेरा डांडिया रावण दहन और महाभंडारा के सफल आयोजन में भी मंजु निराकार पटेल रितेश थवाईत बलराम सौरा गोपाल सौंरा प्रमोद गुप्ता बरूण देव महाना रूपेश साव सीक बाई सारथी शौकीलाल चौहान किशोर पार्षदों और ग्रामीणों की महत्वपूर्ण भूमिका रही थी।





राधा कृष्ण रासलीला से भक्तिमय हुआ वातावरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ चंद्रपुर

मां चंद्रहासिनी की पावन धार्मिक नगरी चंद्रपुर में मातृशक्ति दुर्गावाहिनी द्वारा श्री गोपाल मंदिर परिसर में शरद पूर्णिमा उत्सव हर्षोल्लास एवं भक्तिभाव के साथ मनाया गया। 25 अक्टूबर 2026 को रात्रि 9 बजे आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम में नगर की महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह उत्सव लगातार तीसरे वर्ष आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान राधा कृष्ण के विधिवत पूजन अर्चन के साथ हुआ। इसके पश्चात ब्रज की रासलीला की परंपरा के अनुरूप भगवान श्रीकृष्ण के विग्रह को मध्य में स्थापित कर मातृशक्ति की सदस्यों ने गोपी रूप धारण कर रासगीतों पर नृत्य किया और भगवान श्रीकृष्ण की परिक्रमा की। भक्ति और श्रद्धा से परिपूर्ण इस आयोजन ने मंदिर परिसर को कृष्णमय बना दिया। रात्रि 12 बजे भगवान श्रीकृष्ण की महाआरती की गई तथा खीर का भोग अर्पित कर प्रसाद वितरण किया गया। पूरे कार्यक्रम के दौरान भक्तिमय वातावरण बना रहा और नगर की मातृशक्ति की अच्छी सहभागिता देखने को मिली। मातृशक्ति दुर्गावाहिनी समूह की अध्यक्ष श्रीमती रीता साहू ने बताया कि संगठन द्वारा लगातार तीसरे वर्ष शरद पूर्णिमा उत्सव का आयोजन किया गया है। वहींए विश्व हिंदू परिषद के नगर उपाध्यक्ष एवं कार्यक्रम संचालक लोकेश मिश्रा ने बताया कि मातृशक्ति दुर्गावाहिनी द्वारा प्रत्येक माह शुक्ल पक्ष की द्वादशी को श्री गोपाल महाप्रभु मंदिर में पुष्पवर्षा का आयोजन किया जाता है। इसके साथ ही श्रीरामनवमी शोभायात्रा, राधा कृष्ण युगल जन्मोत्सव सहित विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाते हैं। इस प्रकार शरद पूर्णिमा उत्सव श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ संपन्न हुआ। आयोजन के माध्यम से धार्मिक परंपराओं के संरक्षण के साथ ही महिलाओं की धार्मिक एवं सामाजिक सहभागिता का सुंदर उदाहरण देखने को मिला।

जिपं सीईओ ने किया खैरपाली में तालाब जीर्णोद्धार का निरीक्षण



सारंगढ़। सारंगढ़-बिलाईगढ़ में वीबी-जी राम जी वीबीजी राम जी योजना के तहत ग्राम पंचायत फर्सवानी के आश्रित ग्राम खैरपाली में सामुदायिक उपयोग के लिए करन तालाब के जीर्णोद्धार कार्य तथा खसरा नंबर 132/1 स्थित तालाब का निरीक्षण किया गया। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ ऋषिकेश तिवारी ने मौके पर पहुंचकर कार्यों की स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान विकास कार्यों के साथ-साथ ग्रामीणों को उपलब्ध कराई जा रही दवाओं और पेयजल की गुणवत्ता पर भी विशेष ध्यान दिया गया।

निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत सीईओ ऋषिकेश तिवारी ने तालाब जीर्णोद्धार कार्य की स्थिति देखी और संबंधित अधिकारियों से कार्य के संबंध में जानकारी ली। सामुदायिक उपयोग के लिए तालाबों का जीर्णोद्धार ग्रामीण क्षेत्रों में जल संरक्षण और स्थानीय जरूरतों को पूरा करने की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। ऐसे कार्यों की नियमित निगरानी से उनकी गुणवत्ता और उपयोगिता सुनिश्चित करने में मदद मिलती है। इस दौरान सीईओ ने दवाओं की उपलब्धता और उनके उपयोग के संबंध में भी जानकारी ली। उन्होंने संबंधित पंचायत प्रतिनिधियों से पूछा कि कौन-कौन सी दवाएं उपलब्ध हैं और उनका उपयोग किन समस्याओं अथवा जरूरतों के लिए किया जाता है। पंचायत प्रतिनिधियों ने पूछे गए सवालों के जवाब देकर आवश्यक जानकारी दी। इसके साथ ही मौके पर पानी की गुणवत्ता भी देखी गई, ताकि पेयजल की स्थिति का जायजा लिया जा सके।

चक्रवाती तूफान का असर जिले में भी, तीन दिन भारी बारिश की आशंका

रायगढ़। चक्रवात का प्रभाव जिले में देखने को मिल सकता है। ऐसे में तीन दिन 27 से 29 अक्टूबर तक भारी से अति भारी बारिश होने की संभावना है। इसे देखते हुए कलेक्टर द्वारा सभी संबंधित विभागों को अलर्ट रहने और जरूरी तैयारियां रखने का निर्देश दिया गया है। प्रशासन की प्राथमिकता जनहानि रोकना और लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। जिला और तहसील स्तर पर आपदा प्रबंधन कंट्रोल रूम को 24 घंटे सक्रिय रखने के निर्देश दिए गए हैं। सभी विभागों के अधिकारी कर्मचारी अलर्ट रहेंगे। बिना अनुमति कोई भी अधिकारी मुख्यालय नहीं छोड़ेगा। नगर निगम, पंचायत और राजस्व विभाग को जलभराव वाले क्षेत्रों की पहचान करने और जरूरत पड़ने पर लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने की व्यवस्था करने को कहा गया है। राहत शिविर तैयार रखने के साथ बचाव दलों को नाव, लाइफ जैकेट और अन्य जरूरी उपकरणों के साथ तैयार रहने के निर्देश दिए गए हैं। जल संसाधन विभाग बांधों और जलाशयों के जलस्तर की लगातार निगरानी करेगा।

ग्रामीण इलाकों में मासूम बच्चों की जिंदगी से खिलवाड़, बिना अटेंडर दौड़ रही स्कूली बसें

घौठला बड़े, सालर, संधान, माधोपाली, बंधापाली में वैनों में क्षमता से दोगुने बच्चे रहते हैं सवार



घौठला बड़े। सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले के शहरी क्षेत्रों में परिवहन विभाग और पुलिस की कार्रवाई के चलते नियमों का कुछ हद तक पालन दिखाई देता है, लेकिन सारंगढ़ जिले के ग्रामीण अंचलों में स्थिति बेहद चिंताजनक है। खासतौर पर घौठला बड़े, सालर, संधान, माधोपाली और बंधापाली जैसे ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित निजी स्कूलों की बसों और वैनों में नौनिहालों की सुरक्षा को पूरी तरह ताक पर रख दिया गया है। आरटीओ की सुरक्षित स्कूल वाहन नीति की धज्जियां उड़ाते हुए इन ग्रामीण रूटों पर बसें बिना किसी हेल्पर या अटेंडेंट के दौड़ रही हैं। वहीं स्कूली वैनों में क्षमता से दोगुने बच्चों को ठूंस-ठूंसकर भरा जा रहा है।

ग्रामीण इलाकों की सिंगल लेन, गड्ढों वाली सड़कों और तीव्र मोड़ों पर बिना अटेंडेंट के बसें चलाना और क्षमता से अधिक बच्चों को वैन में बैठाना किसी बड़े हादसे को न्योता देने जैसा है। ड्राइवर का ध्यान पूरी तरह ड्राइविंग पर होना चाहिए, लेकिन हेल्पर न होने और वैन में अत्यधिक ओवरलोडिंग के कारण हादसों की संभावना हर समय बनी रहती है। 7 से 8 सीट की क्षमता वाली वैनों में 15 से 18 तक छोटे-छोटे मासूम बच्चों को बैठाया जा रहा है। वैन चालक गाड़ी में बच्चों के बैग और खुद बच्चों को इस कदर ठूंसते हैं कि बच्चों का सांस लेना तक दूभर हो जाता है। सुरक्षा उपकरणों का भी कोई अता-पता नहीं रहता। बसों में हेल्पर गायबः सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइंस के अनुसार हर स्कूल बस में कम से कम एक अटेंडेंट और छात्राओं के लिए महिला अटेंडेंट का होना अनिवार्य है। लेकिन घौठला बड़े, सालर, संधान, माधोपाली और बंधापाली के ग्रामीण रूटों पर बिना अटेंडेंट के ही बसें चलाई जा रही हैं। जांच का अभावः आरटीओ और पुलिस की चेकिंग कार्रवाई केवल शहरी सीमा तक सिमट कर रह गई है, जिससे ग्रामीण इलाकों के स्कूल संचालक और वाहन चालक मनमानी पर उतारू हैं।

करेंगे कार्रवाई

मामले को लेकर क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी से चर्चा की गई, तो उन्होंने स्पष्ट किया कि सुरक्षा मानकों से कोई समझौता नहीं होगा। हमने कुछ ही दिनों पहले कई स्कूल वाहनों पर नियमों के उल्लंघन को लेकर कार्रवाई की है। अब घौठला बड़े, सालर, संधान, माधोपाली और बंधापाली सहित अन्य ग्रामीण अंचलों में चलने वाली स्कूल बसों व वैनों की विशेष जांच करवाई जाएगी। वैन में सीट क्षमता से अधिक बच्चे बैठाने और बसों में हेल्पर न रखने वाले वाहन स्वामियों व स्कूल प्रबंधन के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई व वाहन सीज करने की कार्रवाई की जाएगी।

ग्रामीण अभिभावकों में रोष

घौठला बड़े, सालर, संधान, माधोपाली और बंधापाली क्षेत्र के अभिभावकों का कहना है कि वे भी पूरी फीस चुकाते हैं, लेकिन इसके बावजूद उनके बच्चों की जान से खिलवाड़ किया जा रहा है। वैन में बच्चों को ओवरलोड कर ले जाने और बसों में हेल्पर न होने से कभी भी कोई बड़ी अप्रिय घटना घट सकती है।

इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में सम्मान

105 देसी धान किस्मों को सहेजने वाले किसान को कृषि मंत्री ने किया सम्मानित



रायगढ़। लैलूंगा ब्लॉक के ग्राम खैरबहर निवासी प्रगतिशील किसान भवानी शंकर पंडा को रायपुर स्थित इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित चौधरी मित्रसेन समिति कृषक सम्मान कार्यक्रम में सम्मानित किया गया।

24 अक्टूबर को आयोजित कार्यक्रम में कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने उन्हें सम्मानित किया। कार्यक्रम में कृषि उत्पादन आयुक्त, संचालक कृषि सहित कृषि विभाग के अधिकारी और प्रदेशभर के किसान उपस्थित रहे। किसान भवानी शंकर पंडा जैविक खेती के साथ देशी धान की 105 किस्मों को संरक्षित करने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने इन पारंपरिक किस्मों को सहेजने के लिए धान संग्रहालय बनाया है। यहां विभिन्न किस्मों के बीजों को सुरक्षित रखने के साथ छोटे-छोटे भूखंडों में उनकी खेती कर बीजों का संवर्धन भी किया जा रहा है।

श्री पंडा ने खेती में नवाचार करते हुए धान के स्थान पर तिल की खेती भी की है। वहीं इस वर्ष सात एकड़ में सुगंधित जवाफूल धान की खेती कर रहे हैं। देशी बीजों का संरक्षण, जैविक खेती और फसल विविधीकरण के प्रति उनके प्रयास पारंपरिक कृषि ज्ञान को सहेजने के साथ खेती के नए तरीकों को बढ़ावा दे रहे हैं।

जंगल में चल रहा था जुए का फड़ छापेमारी में 6 जुआरी गिरफ्तार

रायगढ़। पुलिस ने धरमजयगढ़ क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई की है। दर्रीडीह-खलबोरा के बीच जंगल में 52 पत्ती ताश से जुआ खेल रहे छह लोगों को पुलिस ने रंगे हाथों गिरफ्तार किया। मौके से 22 हजार 180 नकद, सात मोबाइल फोन और चार मोटरसाइकिल जब्त की गई हैं। जब्त संपत्ति की 3 लाख 22 हजार 180 बताई गई है।

आरोपियों के खिलाफ छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम, 2022 के तहत अपराध दर्ज किया गया है। इसके साथ ही सभी आरोपियों पर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (BNSS) की धारा 170 के तहत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई कर एसडीएम न्यायालय में पेश किया गया। पुलिस को दर्रीडीह-खलबोरा के बीच जंगल में जुआ खेले जाने की सूचना मिली। पुलिस की संयुक्त टीम गठित कर मौके के लिए रवाना की गई। पुलिस टीम ने गवाहों की उपस्थिति में जंगल में घेराबंदी कर दबिश दी। इस दौरान छह लोग जुआ खेलते पाए गए। पुलिस ने मौके पर ही सभी को पकड़ लिया। मामले में थाना धरमजयगढ़ में अपराध क्रमांक दर्ज किया गया है। आरोपियों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम, 2022 की धारा 3(2) के तहत वैधानिक कार्रवाई की गई।

नौ दिनों तक हुए विविध सांस्कृतिक एवं धार्मिक आयोजन

छाल में विराट विजयादशमी महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ छाल



छाल में आयोजित विराट विजयादशमी महोत्सव का नौ दिनों तक चले धार्मिक, सांस्कृतिक एवं मनोरंजक कार्यक्रमों के साथ भव्य समापन हुआ। महोत्सव के दौरान क्षेत्र में उत्साह, भक्ति और उल्लास का माहौल बना रहा। आयोजन में विभिन्न प्रतियोगिताओं के साथ माता दुर्गा की पूजा अर्चना, रावण दहन एवं रामराज्य अभिषेक उत्सव प्रमुख आकर्षण रहे।

नौ दिवसीय महोत्सव में इनामी डांस प्रतियोगिता, सुवा नृत्य प्रतियोगिता, गरबा डांस, प्रतिरूपण तथा रंगोली प्रतियोगिता सहित अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन आयोजनों में प्रतिभागियों ने अपनी कला और प्रतिभा का प्रदर्शन किया। धार्मिक आयोजनों के अंतर्गत मां चंद्रहासिनी एवं मां डोकरी दाई की पूजा अर्चना कर क्षेत्र की सुख समृद्धि और खुशहाली की कामना की गई। विजयादशमी के अवसर पर रावण दहन किया गया। इसके पश्चात भगवान श्रीराम के आदर्शों और रामराज्य की स्थापना के प्रतीक स्वरूप रामराज्य अभिषेक उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर पूरे छाल में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। गांव की गलियों को रंगोली और दीपों से सजाकर भगवान श्रीराम का स्वागत किया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। महोत्सव में छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध गायक सुनील सोनी ने अपनी प्रस्तुति से कार्यक्रम को यादगार बनाया। उनकी प्रस्तुति ने आयोजन में सांस्कृतिक रंग भर दिए और उपस्थित लोगों का मनोरंजन किया।

पुसौर में ब्लॉक स्तरीय क्विज स्पर्धा का आयोजन

रायगढ़। विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, तार्किक क्षमता और सामान्य ज्ञान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पुसौर में विकासखंड स्तरीय क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें ब्लॉक के 31 संकुलों से चयनित विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता दो वर्गों में आयोजित हुई। पहले वर्ग में कक्षा 6वीं से 8वीं और दूसरे में कक्षा 9वीं से 12वीं के विद्यार्थी शामिल हुए। लिखित परीक्षा के बाद चयनित विद्यार्थियों की टीमों ने पासिंग राउंड, बहुविकल्पीय प्रश्न, बजर राउंड और चित्र पहचानो जैसे चरणों में अपनी प्रतिभा दिखाई। प्रतियोगिता स्मार्ट बोर्ड के माध्यम से ऑनलाइन आयोजित की गई, जिसे शिक्षकों और विद्यार्थियों ने सराहा।

